# बाल सुरक्षा के मापदंड
# (The Child Safe Standards)

**मापदंड 1**
**बाल सुरक्षा में संस्था का नेतृत्व, शासन विधि व संस्कृति अन्तर्निहित हैं।**

**मापदंड 2**
**बच्चे उन निर्णयों में भाग लें, जिनका प्रभाव उन पर होता है और उन्हें गम्भीरता से लिया जाए।**

**मापदंड 3**
**परिवारों व समुदायों को जानकारी दी जाए और उन्हें हिस्सा लेने में शामिल किया जाए**

**मापदंड 4**
**निष्पक्षता को बनाए रखा जाए व विविध प्रकार की आवश्यकताओं को ध्यान में रखा जाए**

**मापदंड 5**
**जो लोग बच्चों के साथ काम करते हैं वे उपयुक्त हों व उन्हें सहायता प्रदान की जाए**

**मापदंड 6**
**बाल-दुर्व्यवहार की शिकायतों पर प्रतिक्रिया करने की कार्यविधियाँ बच्चे पर केन्द्रित हों**

**मापदंड 7**
**कर्मचारियों को निरंतर शिक्षा और प्रशिक्षण द्वारा बच्चों को सुरक्षित रखने के लिए ज्ञान, कौशल और जागरूकता प्रदान की जाए**

**मापदंड 8**
**भौतिक व ऑनलाइन वातावरण में दुर्व्यवहार होने के मौक़े यथासंभव कम हो सकते हैं**

**मापदंड 9**
**बाल सुरक्षा मापदंडों को लागू किए जाने के समय उन पर लगातार पुनर्विचार व सुधार किया जाए**

**मापदंड 10**
**नीतियाँ व कार्यविधियाँ लिखित रूप से बताएँ कि संस्था किस प्रकार बच्चों के लिए सुरक्षित है**

NSW GOVERNMENT | Office of the Children's Guardian

बाल सुरक्षा के मापदंडों के बारे में अधिक जानकारी के लिए या जानकारी सत्र का प्रबंध करने के लिए कृपया **www.kidsguardian.nsw.gov.au** पर जाएँ, **childsafe@kidsguardian.nsw.gov.au** से संपर्क करें या **02 9286 7225** पर फ़ोन करें

Hindi

**बाल यौन शोषण संबंधी संस्थागत प्रतिक्रियाओं के लिए रॉयल कमीशन द्वारा बताए गए बाल सुरक्षा के मापदंड एक रूपरेखा प्रदान करते हैं, जिससे कि बच्चों को सुरक्षित रखने के लिए संस्थाएँ एक संस्कृति बना सकें व उन कार्यनीतियों को अपना सकें।**



वे:

- संस्थाओं में सांस्कृतिक बदलाव लाने में मदद करें
- सिद्धांतों पर आधारित व परिणाम पर केन्द्रित हैं
- इतनी लचीली हों कि उन्हें विभिन्न माप व विशेषताओं की संस्थाओं द्वारा अपनाया जा सके
- संस्थाओं पर अनुचित भार न डालें
- संस्थाओं को अनेकों ख़तरों का सामना करने में सहायता करें
- सावधानी व देखभाल के बीच संतुलन बनाएँ
- एक निर्देश चिन्ह हो जिससे संस्थाएँ अपनी बाल सुरक्षा संबंधी क्षमता व निर्धारित किए गए लक्ष्यों का मूल्यांकन कर सकें
- बराबर महत्व की हों व आपस में संबंधित हों

## मापदंड 1

### बाल सुरक्षा में संस्था का नेतृत्व, शासन विधि व संस्कृति अन्तर्निहित हैं।

- संस्था सार्वजनिक रूप से बाल सुरक्षा के प्रति वचनबद्धता दिखाती है व उनके नेता बाल सुरक्षा संस्कृति के समर्थक हैं
- संस्था के हर स्तर पर बाल सुरक्षा मिली-जुली ज़िम्मेदारी है
- ख़तरों के प्रबंधन की नीतियाँ, बच्चों को ख़तरों से बचाने, ख़तरों को पहचानने व उनके प्रभाव को कम करने पर केन्द्रित हों
- कर्मचारी व स्वयंसेवक उस आचार-संहिता का पालन करें जो बच्चों के प्रति व्यवहार के मापदंड को निर्धारित करती है
- कर्मचारी व स्वयंसेवक जानकारी को साझा करने व इसका रिकॉर्ड रखने की अपनी ज़िम्मेदारियों को समझते हैं

## मापदंड 2

### बच्चे उन निर्णयों में भाग लें, जिनका प्रभाव उन पर होता है और उन्हें गम्भीरता से लिया जाए

- बच्चे अपने विचार बता सकें और उन्हें अवसर दिए जाएँ की वे उन निर्णयों में भाग ले सके जो उनके जीवन को प्रभावित करेगें
- मित्रता के महत्व को माना जाए व सहपाठियों की सहायता को प्रोत्साहन दिया जाए जिससे कि बच्चे सुरक्षित और कम अकेलापन महसूस करें
- बच्चे, दुर्व्यहवार से बचाव के कार्यक्रमों व जानकारी को जान सकें
- कर्मचारी व स्वयं-सेवियों के लिए दुर्व्यहवार होने के लक्षणों को समझना व बच्चों को उसके बारे में मित्रता पूर्वक बात-चीत कर पाने व अपनी परेशानियाँ बताने के तरीकों का उपयोग करना बहुत ही आसान होना चाहिए

## मापदंड 3

### परिवारों व समुदायों को जानकारी दी जाए और उन्हें हिस्सा लेने में शामिल किया जाए

- परिवारों कि मुख्य ज़िम्मेदारी होती है कि वे अपने बच्चे का पालन-पोषण व विकास करें और उन फ़ैसलों में हिस्सा लें जो उनके बच्चे को प्रभावित करते हैं
- संस्था, परिवारों व समुदायों से अपने बाल सुरक्षा संबंधी दृष्टिकोण के बारे में स्पष्ट रूप से, दो तरफ़ी बात-चीत करें और इससे संबंधित जानकारी उपलब्ध कराई जाए
- परिवार व समुदाय, संस्था की नीतियों व कार्यप्रणालियों के बारे में अपने विचार व्यक्त कर सकें
- परिवारों व समुदायों को संस्था के संचालन व प्रशासन के विषय में जानकारी दी जाए

## मापदंड 4

### निष्पक्षता को बनाए रखा जाए व विविध प्रकार की आवश्यकताओं को ध्यान में रखा जाए

- संस्था, सक्रिय रूप से बच्चों के विभिन्न प्रकार की स्थितियों का पूर्वानुमान लगा लेती है और वे बच्चे जो अधिक असुरक्षित होते हैं उनके लिए प्रभावशाली रूप से प्रतिक्रिया करती है
- सभी बच्चों को जानकारी, सहायता मिलने व शिकायत करने की कार्यविधियाँ उपलब्ध हो
- संस्था, अबोरिजिनी व टॉरेस स्ट्रेट आईलैंड के बच्चों, विकलांग बच्चों तथा सांस्कृतिक व भाषाई रूप से विभिन्न पृष्टभूमि के बच्चों पर विशेष ध्यान देती है

## मापदंड 5

### जो बच्चों के साथ काम करते हैं वे उपयुक्त हों व उन्हें सहायता दी जाती है

- नौकरी के लिए भर्ती करते समय, जिसमें विज्ञापन व जाँच करना शामिल है, बाल सुरक्षा पर ज़ोर दिया जाए
- संबंधित कर्मचारी व स्वयं-सेवियों की बच्चों के साथ काम करने की जाँच की जाए
- सभी कर्मचारी व स्वयं-सेवियों को काम आरम्भ करते समय उचित रूप से सब बताया जाए, और यह कि वे अपनी बाल सुरक्षा की ज़िम्मेदारियों को समझते हैं, जिसमें रिपोर्ट करने का दायित्व शामिल हैं
- निरीक्षण करने व लोगों के प्रबंधन में बाल सुरक्षा केन्द्र-बिन्दु होना चाहिए



## मापदंड 6

### बाल-दुर्व्यवहार की शिकायतों पर प्रतिक्रिया करने की कार्यविधियाँ बच्चे पर केन्द्रित हों

- संस्था में शिकायत पर कार्यवाही करने के तरीके का केन्द्र-बिन्दु बच्चे हैं, और यह तरीका बच्चों, कर्मचारियों, स्वयं-सेवियों व परिवारों को समझ आ जाता है
- संस्था में शिकायत पर कार्यवाही करने की प्रभावशाली नीति व कार्यविधि है जो भूमिकाओं व ज़िम्मेदारियों, विभिन्न प्रकार की शिकायतों पर कार्य करना व रिपोर्ट करने के दायित्वों संबंधी दृष्टिकोणों की स्पष्ट रूप से रूप-रेखा देती है
- शिकायतों को गम्भीरता से लिया जाता है, उन पर शीघ्रता व संपूर्णता से कार्यवाही की जाती है और रिपोर्ट करने, गोपनीयता व नौकरी के कानूनी दायित्वों को पूरा किया जाता है

## मापदंड 7

### कर्मचारियों को शिक्षा व प्रशिक्षण द्वारा ज्ञान, दक्षताएँ व बच्चों को सुरक्षित रखने संबंधी जागरूकता लगातार प्रदान की जाए

- संबंधित कर्मचारी व स्वयं-सेवकों को बच्चों के साथ दुराचार, विशेष रूप से संगठनों में होने वाले बाल-दुर्व्यवहार के स्वरूप व संकेतकों के बारे में प्रशिक्षण दिया जाता है
- कर्मचारी व स्वयं-सेवकों को संस्था की बाल सुरक्षा संबंधी कार्यप्रणालियों व बच्चों की रक्षा के बारे में प्रशिक्षण दिया जाता है
- संबंधित कर्मचारी व स्वयं-सेवकों में बच्चों की रक्षा करने व प्रकटन करने पर कार्यवाही करने संबंधी व्यावहारिक दक्षताओं का विकास किया जाता है

## मापदंड 8

### भौतिक व ऑनलाइन वातावरण होने से दुर्व्यवहार के मौक़े यथासंभव कम हो सकते हैं

- ऑनलाईन व भौतिक वातावरण में ख़तरों को पहचाना जाता है व कम किया जाता है और यह सब बच्चों के गोपनीयता व स्वस्थ विकास के अधिकार से समझौता किए बिना किया जाता है
- ऑनलाईन वातावरण का उपयोग संस्था की आचार संहिता व संबंधित नीतियों के अनुसार किया जाता है



## मापदंड 9

### बाल सुरक्षा मापदंडों को लागू किए जाने के समय उन पर लगातार पुनर्विचार व सुधार किया जाए

- यह संस्था बाल सुरक्षा कार्यप्रणालियों पर नियमित रूप से पुनर्विचार करती है व उसमें सुधार करती है
- यह संस्था, शिकायतों के कारणों व प्रणालीगत असफ़लताओं की पहचान करने के लिए शिकायतों का विश्लेषण करती है जिससे कि लगातार सुधार पर ध्यान दिया जा सके



## मापदंड 10

### नीतियाँ व कार्यविधियाँ लिखित रूप से बताते हैं कि संगठन किस प्रकार बच्चों के लिए सुरक्षित है

- नीतियाँ व कार्यविधियाँ सभी बाल-सुरक्षा मापदंडों को संबोधित करें
- नीतियाँ व कार्यविधियाँ उपलब्ध हैं व समझने में आसान हैं
- सर्वोत्तम कार्यविधियों के उदाहरण व हिस्सेदारों से परामर्श नीतियों व कार्यविधियों के विकास को प्रेरित करे
- नेतागण नीतियों व कार्यविधियों के पालन का समर्थन करें व उसका उदाहरण प्रस्तुत करें
- कर्मचारी नीतियों व कार्यविधियों को समझें और कार्यान्वित करें